कार्यालय, लोक सेवा आयोग,
संख्या–11 /ई–2/2023–24
प्रयागराजः दिनांक 02 मई, 2023

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या ए–1/ई–1/2023, दिनांक 03.03.2023 के द्वारा विज्ञापित **सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा–2023** के संदर्भ में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा **उक्त परीक्षा दिनांक 14 मई, 2023 (रविवार) को दो सत्रों में (पूर्वाह्न 9:30 से 11:30 तक एवं अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक) प्रदेश के 51 जनपदों यथा–आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, आजमगढ़, बांदा, बलिया, बदायूँ, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, ग्रेटर नोएडा(गौतमबुद्ध नगर), गोण्डा, हापुड़, हरदोई, इटावा, जौनपुर, झाँसी, ज्योतिबाफुले नगर, कानपुर नगर, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर, ललितपुर, लखनऊ, महराजगंज, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, पीलीभीत, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहाँपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, उन्नाव एवं वाराणसी उत्तर प्रदेश** के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के **प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है।** अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म–तिथि के आधार पर प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई.डी.प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित हों।

(अजय कुमार तिवारी)
परीक्षा नियंत्रक।